प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 रविवार दिनांक 05.10.2025

मुख्य समाचारः–

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज छत्तीसगढ़ माइनिंग कॉन्क्लेव में हुए शामिल–उनकी उपस्थिति में दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर किए गए हस्ताक्षर।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर राजभूषण चौधरी ने राष्ट्रीय मछुवारा जागरूकता सम्मेलन में की शिरकत।
- भारतीय डाक विभाग द्वारा कल छह अक्टूबर से दस अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जाएगा।

- स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पेशल एजुकेटर के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए सात से तेरह अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए हैं।

छत्तीसगढ़ माइनिंग कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री विष्णदेव साय आज नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ माइनिंग कॉन्क्लेव में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आईएसएम धनबाद और छत्तीसगढ़ भौमिकी तथा खनन संचालनालय के साथ ही कोल इंडिया और छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही पांच माइनिंग ब्लॉकों की एनआईटी जारी की गई और नौ खदानों को प्रिफर्ड बिडर आदेश प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खनिज ऑनलाइन टू प्वाइंट ओ, डीएमएफ पोर्टल तथा रेत खदानों की ऑनलाइन नीलामी के लिए रिवर्स ऑक्शन पोर्टल का शुभारंभ किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पारदर्शी खनन नीति, ई–नीलामी, डिजिटल निगरानी और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रणनीतियों के साथ विकास को नई दिशा दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जिसने लिथियम ब्लॉक की नीलामी की है। अब तक साठ खनिज ब्लॉकों की नीलामी पूरी हो चुकी है और पांच नए ब्लॉकों की निविदा आज जारी की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई रेत नीति से पारदर्शिता बढ़ी है और जल्द ही दो सौ से अधिक रेत खदानों की ई–नीलामी की जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पर्यावरण प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण और सुरक्षा मानकों का पालन करने वाले तैंतालीस खदानों को स्टार अवॉर्ड से सम्मानित किया।

राष्ट्रीय मछुवारा सम्मेलन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर राजभूषण चौधरी आज रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय मछुवारा जागरूकता सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा केवल नौकरी प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि सफल जीवन का मार्ग है। सामाजिक विकास का मूलमंत्र शिक्षा है। उन्होंने समाज के युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की।

वहीं, केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि निषाद समाज के इतिहास और परंपरा के बारे में नई पीढ़ी को बताना और सिखाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव निषाद समाज को अग्रणी स्थान दिया है।

समारोह को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी संबोधित किया।

छत्तीसगढ़–टनल निर्माण

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा छत्तीसगढ़ की पहली राष्ट्रीय राजमार्ग सुरंग का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। दो किलोमीटर से अधिक लंबी यह टनल रायपुर–विशाखापट्टनम राजमार्ग पर बारह महीनों में तैयार की गई है। इस टनल का निर्माण एनएचएआई के अभनपुर परियोजना कार्यान्वयन इकाई द्वारा की जा रही है। यह ट्विन ट्यूब टनल जब पूरी तरह तैयार हो जाएगी, तो रायपुर से विशाखापट्टनम तक की यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। इससे व्यापार और उद्योग को गति मिलेगी और छत्तीसगढ़, ओडिशा तथा आंध्र प्रदेश के बीच संपर्क और मजबूत होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह टनल समृद्ध और सशक्त छत्तीसगढ़ की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क और परिवहन अधोसंरचना का विकास प्रदेश की प्रगति की रीढ़ है। इस टनल से छत्तीसगढ़ में पर्यटन और सामाजिक–आर्थिक जुड़ाव के नए अवसर भी खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने इसके लिए केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम का आभार जताया है।

## स्पेशल एजुकेटर–भर्ती

स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पेशल एजुकेटर के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए सात से तेरह अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस संबंध में शैक्षणिक अर्हताएं, चयन प्रक्रिया, आवेदन पत्र का प्रारूप आदि की जानकारी विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र सभी जिला शिक्षा अधिकारी–डीईओ कार्यालयों में जमा करना होगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तेरह अक्टूबर निर्धारित की गई है। आवेदन केवल पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ही स्वीकार किए जाएंगे।

## एसईसीएल–स्टोर यूनिट शुभारंभ

कोरबा स्थित साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड–एसईसीएल में देश की पहली महिला संचालित सेंट्रल स्टोर यूनिट का शुभारंभ किया गया है। इस यूनिट का शुभारंभ एसईसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने किया। भारत सरकार के स्पेशल कैंपेन फाईव प्वाइंट ओ के तहत शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य कोल इंडिया के तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। नई सेंट्रल स्टोर यूनिट का संचालन आठ महिला अधिकारियों और कर्मियों की एक टीम द्वारा किया जाएगा, जिसका नेतृत्व इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल विभाग की सीनियर मैनेजर और धनबाद के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की पूर्व छात्रा सपना इक्का करेंगी। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट महिला कर्मियों को सम्मानित भी किया गया।

मुख्यमंत्री–सहयोग कार्यक्रम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य सरकार के मंत्री सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याओं और जनहित से जुड़े आवेदनों पर सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पहले भी होता रहा है।

राष्ट्रीय डाक सप्ताह–कार्यक्रम

भारतीय डाक विभाग द्वारा कल छह अक्टूबर से दस अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जाएगा। सप्ताह की शुरुआत टेक्नोलॉजी दिवस से होगी और समापन ग्राहक दिवस से किया जाएगा। इस वर्ष का थीम – ''हैशटैग पोस्टफॉरपीपल–स्थानीय सेवा, वैश्विक पहुंच'' है। सप्ताह के दौरान छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के सभी संभागों में प्रतिदिन विषयवार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। छह अक्टूबर को पहले दिन टेक्नोलॉजी दिवस पर डाक सेवाओं में प्रयुक्त तकनीक पर क्विज़ प्रतियोगिता होगी।

ठगी आरोपी–गिरफ्तार

रायपुर पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत साइबर ठगी के बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने साइबर क्राइम पोर्टल में दर्ज म्यूल बैंक अकाउंट की जांच के बाद ओड़िशा, गुजरात, बिलासपुर और रायपुर से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पचास मोबाइल, दस डेस्कटॉप, सिम कार्ड और अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। जांच में पाया गया है कि साठ म्यूल बैंक अकाउंट के जरिए देशभर के पांच सौ से अधिक लोगों के साथ करोड़ों की ठगी हुई है। रायपुर के डीडी नगर और आजाद चौक थानों में एचडीएफसी और साउथ इंडियन बैंक के छियानवे म्यूल अकाउंट्स के खिलाफ अपराध दर्ज किए गए हैं।

मधुमक्खी हमला–मौत

राजनांदगांव जिले के बजरंगपुर–नवागांव वार्ड में मधुमक्खियों के हमले में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं, एक युवक सहित पांच अन्य महिलाएं घायल हुई हैं, जिन्हें जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ये सभी खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में सात लोग घायल हो गए। इनमें से इलाज के दौरान दो लोगों की  मौत हो गई।

बस्तर दशहरा

पचहत्तर दिनों तक चलने वाला विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। बस्तर दशहरा में आज कुटुम्भजात्रा विधान सम्पन्न हुई। इसके तहत सभी ग्राम देवी–देवताओं को पूजा अर्चना के बाद विदाई दी गई। सात अक्टूबर मंगलवार को मावली माता की डोली विदाई के साथ ही बस्तर दशहरे का समापन हो जाएगा।

## मौसम

और अब पेश है मौसस का हाल...

मौसम विभाग ने कल प्रदेश के एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। वहीं, कुछ स्थानों पर कल हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि सात अक्टूबर से पूरे प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में कमी आ सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

- केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति ने रायपुर जिले के आरंग में नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के प्रति आभार जताया है।
- नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के ग्राम टेमरी और डूमरतराई थोक बाजार क्षेत्र में अवैध विकास और निर्माण के खिलाफ रायपुर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है।
- रायपुर में कल राज्य स्तरीय युवा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए।

- नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने बीरगांव नगर निगम के लिए नगर उत्थान योजना के तहत सत्ताईस करोड़ रूपए और अधो संरचना मद में छह करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति दी है।

<><><><><><>